# <u>बीएचईएल दिवस 2020 उत्साहपूर्वक मनाया गया</u>




**नई दिल्ली, 01 जनवरी: बीएचईएल दिवस 2020 नई दिल्ली स्थित कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में मनाया गया, जिसमें डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल; बीएचईएल बोर्ड के निदेशकगणों और दिल्ली-एनसीआर स्थित कार्यालयों के सभी कर्मचारियों ने बड़े जोश के साथ भाग लिया। अपने संबोधन में, कंपनी द्वारा भारत के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान और विद्‌युत, रक्षा, एयरोस्पेस और परिवहन जैसे मुख्य क्षेत्रों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कर्मचारियों को चुनौतियों से अवगत कराया और उनसे संगठन में पूरा योगदान देने का आग्रह किया, जिससे भावी बीएचईएल के निर्माण में मदद मिलेगी, जिसको विश्व स्तर पर भारत के अग्रणी इंजीनियरिंग उद्यम के रूप में मान्यता दी जाएगी।**